न्यूज डायरी

28 को सीनियर महिला-पुरुष बॉक्सिंग चयन ट्रायल

मुजफ्फरनगर। जिला खेल कार्यालय की ओर से 28 सितंबर को सीनियर महिला एवं पुरुष बॉक्सिंग के जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में अपराह्न दो बजे से शुरू होगा। जिला क्रीड़ाधिकारी भूपेंद्र यादव ने बताया कि चयनित खिलाड़ी मुजफ्फरनगर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताएं खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ और उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में सीनियर महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता जनपद झांसी में 6 से 9 अक्तूबर तक चलेगी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सीनियर पुरुष बॉक्सिंग प्रतियोगिता मेरठ में होगी। ब्यूरो



करनाल में पदक विजेता यूपी पुलिस की टीम एवं कोच। फोटो : कोच

यूपी पुलिस बॉडी बिल्डिंग में अव्वल, जीते चार स्वर्ण

मुजफ्फरनगर। हरियाणा के करनाल में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस रेसलिंग क्लस्टर-2026 की बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में उत्तर प्रदेश पुलिस ने 340 अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया है। टीम ने चार स्वर्ण और पांच रजत पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन किया। जिले के बड़ेगी गांव के टीम कोच अरुण कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अलग-अलग भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा की। गौतमबुद्ध नगर के एसटी निखमी अरविंद कुमार मिर्धेदिया ने 55 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। ब्यूरो

साइबर ठगी से बचाव के लिए शिक्षकों को दी जानकारी

मुजफ्फरनगर। तारावंद वैदिक पुत्री डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना और इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को साइबर अपराध चुनौतियां और समाधान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। एसएसपी क्राइम हेतु सिद्धार्थ ने शिक्षकों को साइबर ठगी बचने के लिए जरूरी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक ने जीवन को आसान बनाया है, लेकिन थोड़ी सी असावधानी साइबर अपराध का शिकार बना सकती है। इसलिए सोशल मीडिया पर निजी जानकारी, फोटो और लोकेशन साझा करने से बचना चाहिए। साइबर क्राइम थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह ने मजबूत पासवर्ड रखने, टू-स्टेप वेरिफिकेशन सक्रिय करने और संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी। संवाद

पढ़ाई के साथ नौकरी तलाश रहे युवा, 1330 ने कराया पंजीकरण

सनातन धर्म महाविद्यालय में लगा वृहद रोजगार मेला, 40 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने लिया साक्षात्कार

संवाद न्यूज एजेंसी

मुजफ्फरनगर। जिला सेवायोजन कार्यालय और सनातन धर्म महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को महाविद्यालय परिसर में वृहद रोजगार मेला-2026 का आयोजन किया गया। इसमें 40 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। सुबह से ही रही चहल-पहल के बावजूद रोजगार की राह तलाशने के लिए युवाओं में उत्साह नजर आया। मेले में 1330 युवाओं ने पंजीकरण कराया। साक्षात्कार के बाद 823 अभ्यर्थी प्रारंभिक चरण में चयनित किए गए।

रोजगार मेले का उद्घाटन राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि युवा पढ़ाई के साथ अपने अंदर अलग-अलग कौशल विकसित करें। रोजगार के लिए शैक्षिक योग्यता के साथ कौशल भी महत्वपूर्ण है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार पुंडीर ने रोजगार मेले में पहुंचे युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।



सनातन धर्म महाविद्यालय में रोजगार मेले में शामिल होते युवा। फोटो : संवाद

कार्यक्रम का आयोजन जिला सेवायोजन अधिकारी पारस सिंगल और कैरियर काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की समन्वयक डॉ. अरुणिमा रानी ने किया। इस दौरान रजनीश, शिव शंकर, अरुणी सूद, प्रोफेसर शुचि अग्रवाल, प्रोफेसर विकास वर्मा, डॉ. दिव्या बंसल, प्रोफेसर विशंभर पांडेय, ध्रुव कुमार गुप्ता, प्रीति त्यागी समेत एनसीसी कैडेट ने सहयोग किया।

ये बोले युवा



जैन कन्या महाविद्यालय की छात्रा त्रिदिशा ने बताया कि अपने शहर में विद्यार्थियों के लिए पार्ट टाइम रोजगार के अधिक अवसर मिलने चाहिए। इससे सुबह पढ़ाई के साथ नौकरी कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे।



आईटीआई से प्रशिक्षित अंकित ने बताया कि उसने रोजगार मेले में कई कंपनियों में पंजीकरण कराया है। साक्षात्कार के बाद चयन की उम्मीद है। मेले में कौशल आधारित कंपनियां भी आई हैं, जिससे प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को अवसर मिल रहे हैं।



डीएम कॉलेज के छात्र दीपक ने बताया कि वह बीकॉम तृतीय वर्ष का छात्र है। वह पढ़ाई के साथ नौकरी करना चाहता है, ताकि आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के साथ काम का अनुभव भी हासिल कर सके।



काजल ने बताया कि वह बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा है। पहले चार रोजगार मेले में आई है। फिलहाल 12वीं तक की शैक्षिक योग्यता के आधार पर शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी एक कंपनी में पंजीकरण कराया है।

राज्य स्तरीय कला क्राफ्ट में दस शिक्षक चयनित

संवाद न्यूज एजेंसी

मुजफ्फरनगर। सर्कुलर रोड स्थित डायट परिसर में शनिवार को सातवीं जनपद स्तरीय कला, क्राफ्ट एवं पपेट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शामली और मुजफ्फरनगर जनपद के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों ने कला, क्राफ्ट और पपेट्री के माध्यम से शैक्षणिक मॉडलों का प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दस शिक्षकों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया।

पांच वर्गों में शिक्षकों ने प्रस्तुत किए शैक्षणिक मॉडल

कार्यक्रम संयोजक पंकज वशिष्ठ ने बताया कि प्राथमिक स्तर की भाषा वर्ग में बुढ़ाना की प्रीति चौहान और शामली की दीपाली कोकरा, गणित वर्ग में मोरना के मिज़सेन और थानाभवन के विनय कुमार प्रथम रहे।

उच्च प्राथमिक स्तर के गणित वर्ग में चरथावल के अमरेश पांडे और थानाभवन के विपिन कुमार, विज्ञान वर्ग में नगर क्षेत्र की शैली और शामली की नित्तु चिकारा तथा सामाजिक विज्ञान वर्ग में मोरना के अनुज कुमार और कांधला की शालू कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ डायट प्राचार्य हरिकेश यादव ने किया। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर अरविंद राणा, विकास अग्रवाल और आसना गुप्ता रहीं। आयोजन में डायट प्रवक्ता डॉ. विकिन, अंजलि सिंह, श्रीपाल, शिव प्रसाद व प्रशिक्षु भूमि देशवाल एवं रुचि शर्मा शामिल रहीं।

आईटीआई में चौथे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

झाझली। जिले के राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रशिक्षण सत्र 2026 के चौथे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रथम तीन चरणों में राजकीय आईटीआई में प्रवेश लेने वाले ऐसे प्रशिक्षार्थी, जो अपना प्रवेश निरस्त कराना चाहते हैं, 27 से 29 सितंबर तक राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे। संवाद

तीनों वर्गों में जीजीआईसी कांधला की टीम बनी चैंपियन

city sports

संवाद न्यूज एजेंसी

कांधला। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कांधला में शनिवार को जिला स्तरीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कांधला की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 तीनों वर्गों में जीत हासिल की। इसके साथ ही तीनों वर्गों में टीम ने जनपदीय चैंपियनशिप अपने नाम की।

प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कांधला के अलावा जनता इंटर कॉलेज लिसाढ़, जनता इंटर कॉलेज बाबरी और कलस्यान इंटर कॉलेज डुण्डुखेड़ा की टीमों ने प्रतिभाग किया।। तीनों वर्गों में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की टीम विजेता बनी। इसके बाद अच्छा प्रदर्शन करने वाली महिला खिलाड़ियों का चयन मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ।

454 विद्यार्थियों ने एक स्वर में गाया वंदे मातरम

मुजफ्फरनगर। विद्या भारती के नमामि भारती अभियान के तहत वंदे मातरम के 150वें वर्ष के अवसर पर गांधी कॉलोनी स्थित श्रीकृष्ण जानकी सरस्वती शिशु मंदिर में शनिवार को सामूहिक गायन कार्यक्रम हुआ। इसमें 454 विद्यार्थियों, अभिभावकों और जनसमुदाय ने एक स्वर में वंदे मातरम का गायन किया। सामूहिक गायन के दौरान विद्यालय परिसर राष्ट्रभाव से गूंज उठा।

मुख्य अतिथि स्वामी श्रीभगवान आश्रम महाराज ने कहा कि वंदे मातरम केवल गीत नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और समर्पण की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कृति, संस्कार और राष्ट्रीय विरासत से जोड़ना जरूरी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास आहूजा और संचालन किरण बांगा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कांति रानी, प्रचार प्रमुख अंशिका वर्मा, संयोजक संजय कुमार सैनी,प्रधानाचार्य मोहन सिंह, देवांशी सिंह शामिल रहीं। संवाद

अमर उजाला

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उचित समय में पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com

नगर निगम चंडीगढ़

निविदा सूचना

क्र. सं.	कार्य का नाम	बोली प्रलिखित अनुसूची (ऑनलाईन)	तकनीकी बोली खोलना (ऑनलाईन)
अधिशासी अभियंता - सड़क मंडल सं.-2			
1.	सड़क उप-मंडल सं. 1, एम.सी. चंडीगढ़ के अधिकार क्षेत्र में बी-4 रोड सेक्टर 11, बी-5 रोड सेक्टर-3, बी-6 रोड सेक्टर 4,5, 9-ए, बी व डी, बी-6 रोड आर्ट कॉलेज एवं स्टेडियम के सामने सेक्टर 10, बी-6 रोड सेक्टर 11-बी व डी फ्रंट एवं बैक पार्किंग, सेक्टर 9-बी, सभ मार्ग, सभ मार्ग, पार्किंग सेक्टर 9-बी तथा बी-4 रोड के साथ पार्किंग, सेक्टर-11 में सेकिराईड व रि-कार्पेटिंग का कार्य। (2026-2027)(भाग बी)'' अनु. लगत 864.93 लाख रु. धरोहर राशि : 17,29,870 रु. समय सीमा : 09 माह	25.09.2026 से 09.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक	09.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे
अधिशासी अभियंता - सड़क मंडल सं. 3			
2.	सड़क उप मंडल सं. 2 एम.सी. चंडीगढ़ के अधिकार क्षेत्र में बी-4 रोड सेक्टर 18 व 19, बी-5 रोड सेक्टर 18 व 21 बी-6 रोड सेक्टर-18-सी, 19 ए बी सी डी तथा बी-4 रोड के साथ पार्किंग, सेक्टर 18 व 19 बाई पं. 11 में रोड की सेकिराईड व रि-कार्पेटिंग का कार्य। (2026-2027)(भाग ए)'' कैपिटल हैड: सड़क/पार्किंग व अपशिष्ट संरक्षण सुविधाओं का सुधार। अनु. लगत 1078.13 लाख रु. धरोहर राशि : 21,56,265 रु. समय सीमा : 12 माह	25.09.2026 से 09.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक	09.10.2026 को 15.00 बजे
3.	सड़क उप मंडल सं. 2 एम.सी. चंडीगढ़ के अधिकार क्षेत्र में बी-4 रोड, सेक्टर 15,16,17 व 23 बी-5 रोड सेक्टर 16,22,23 व 24, बी-6 रोड सेक्टर 22ए व डी 23 व 24 बाई पं. 12 व 17 में रोड की सेकिराईड व रि-कार्पेटिंग का कार्य। कैपिटल हैड: सड़क/पार्किंग व अपशिष्ट संरक्षण सुविधाओं का सुधार। अनु. लगत 1367.24 लाख रु. धरोहर राशि : 27,34,473 रु. समय सीमा : 06 माह	25.09.2026 से 09.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक	09.10.2026 को 15.00 बजे
4.	सेक्टर-15 चंडीगढ़ में बी-4 रोड पर लोगों हेतु पानी का विकास। कैपिटल हैड: सड़क/पार्किंग व अपशिष्ट संरक्षण सुविधाओं का सुधार। अनु. लगत 939.81 लाख रु. धरोहर राशि : 18,79,630 रु. समय सीमा : 12 माह	25.09.2026 से 01.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक	01.10.2026 को 15.00 बजे

नोट: 1) विस्तृत शर्तों व निबंधों के साथ निविदा सूचना को वेबसाईट www.chandigarh.gov.in or etenders.chd.nic.in पर उपलब्ध/अपलोड किया गया है।

अधिशासी अभियंता
सड़क मंडल सं. 2, कमरा नं. 304, एमसी चंडीगढ़ और
सड़क मंडल सं. 3, कमरा नं. 311, एमसी चंडीगढ़ फोन 0172-5021482, xenroad3.mcc@chd.nic.in

डीएलएड परीक्षा : तीन पालियों में 3527 अभ्यर्थी हुए शामिल



आर्य समाज रोड स्थित डीएवी इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर लौटते हुए परिक्षार्थी। फोटो : संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

मुजफ्फरनगर। जिले में चल रही डीएलएड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं शनिवार को संपन्न हो गईं। अंतिम दिन तीन पालियों में परीक्षा कराई गई। तीनों केंद्रों पर पंजीकृत 3630 छात्रों में से 3527 ने परीक्षा दी। परीक्षा में 103 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा प्रभारी डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि परीक्षा के लिए एसडी इंटर कॉलेज, निकट रोडवेज बस स्टैंड, डीएवी इंटर कॉलेज आर्य समाज रोड और दीपचंद ग्रेन चैंबर इंटर कॉलेज नई मंडी को केंद्र बनाया गया था। तीनों केंद्रों पर निर्धारित व्यवस्था के अनुसार परीक्षा कराई गई। एसडी इंटर कॉलेज में 1299 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 1262 उपस्थित और 37 अनुपस्थित रहे। डीएवी इंटर कॉलेज में 1082 में से 1037 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 45 अनुपस्थित रहे। वहीं, दीपचंद ग्रेन चैंबर इंटर कॉलेज में 1249 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 1228 उपस्थित रहे और 21 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

दीपचंद ग्रेन चैंबर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य चंद्रभान ने बताया कि 24 सितंबर से परीक्षाएं शुरू हुई थीं। पहले दिन दो पालियों और इसके बाद दो दिनों में तीन-तीन पालियों में परीक्षा कराई गई। परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षकों और सचल दस्तों ने केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

प्रेस विज्ञप्तिः-

चतुर्थ चरण प्रवेश प्रक्रिया सत्र–2026–2027

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, अलीगंज, लखनऊ द्वारा प्रदेश के राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में तृतीय चरण से प्रवेश के उपरान्त राजकीय संस्थानों में प्रथम तीन चरण के प्रवेश के उपरान्त ऐसे समस्त प्रवेशित प्रशिक्षार्थी, जो किन्ही कारणवश अपना प्रवेश निरस्त कराने हेतु इच्छुक है अर्थात अपना नाम कटाना चाहते है, तो नाम कटाने हेतु इच्छुक प्रशिक्षार्थी को एस०सी०वी०टी०, उ०प्र० के पोर्टल पर बने लिंक 'राजकीय संस्थानों में प्रवेश पूर्वक (नाम कटाने) हेतु' पर क्लिक कर लॉग-इन करते हुए कारण सहित अपनी सहमति देनी होगी। चतुर्थ चरण की प्रवेश प्रक्रिया निम्नवत् है:–

1. प्रशिक्षार्थी को प्रवेश पूर्वक (नाम कटाने) हेतु एस.सी.वी.टी. पोर्टल www.scvtup.in पर प्रशिक्षार्थी के लॉगिन में दिनांक–27.09.2026 से 29.09.2026 तक सुविधा प्राप्त होगी।
2. प्रशिक्षार्थी को नाम कटाने एवं अन्य कारण से रिक्त सीटों को सायंकेा ऐसे समस्त प्रवेशित प्रशिक्षार्थियों को, जिन्होने किसी भी चरण में Float के विकल्प पर सहमति प्रदान की है और उनका किसी भी चरण में उच्चीकरण नही हुआ है, उन्हें मेरिट/विकल्प के क्रम में उच्चीकरण का अवसर प्रदान किया जावेगा।
3. अभ्यर्थी दिये गये लिंक पर क्लिक कर अपना पंजीकरण संख्या और जन्मतिथि अंकित करें, यदि उच्चीकरण हुआ है तो उसका बुलावा पत्र प्रदर्शित होगा, जिसका वह प्रिन्ट प्राप्त कर सकता है, जिसकी सूचना प्रशिक्षार्थी को उनके मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से भी प्रेषित की जावेगी।
4. उच्चीकरण सूची से प्रशिक्षार्थियों का प्रवेश 01.10.2026 से 03.10.2026 तक (अवकाश सहित) निर्धारित है।
5. अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी अपने नजदीकी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से सम्पर्क कर सकता है।

सूचना एवं सम्पर्क सूत्र:–
राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, अलीगंज लखनऊ ।
हैल्प डेस्क: 0522–4150500, 7897992063
दूरभाष: 0522–2336115, 9628372929
(बाद्राज्य)
ई–मेल: help@admissionscvtup.in, Facebook-SCVTUP, X: SCVTUP, Instagram-SCVTUP,
वेबसाइट – STATE COUNCIL FOR VOCATIONAL TRAINING
Website: www.scvtup.in
(अभिषेक सिंह)
विशेष सचिव,
व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग/
अधिशासी निदेशक एस.सी.वी.टी.

राजीव गाँधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय
RAJIV GANDHI NATIONAL AVIATION UNIVERSITY
नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक केंद्रीय विश्वविद्यालय
(A Central University under Ministry of Civil Aviation, Govt. of India)
2013 में संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित
Established by an Act of Parliament in 2013

अनुबंध आधार पर विभिन्न अध्यापन एवं गैर अध्यापन पदों के लिए भर्ती सूचना

एतद्द्वारा राजीव गाँधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय (आरजीएनएयू), फुरसतगंज, अमेठी, उत्तर प्रदेश में निम्न दी गई विस्तृत जानकारी के अनुसार पूर्णतः अनुबंध आधार पर निम्न पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:-

क्रम सं.	अनुबंध पदों के नाम	पदों की सं.	समेकित वेतन (रू.)	ऑनलाईन आवेदन हेतु लिंक एवं आवेदन की अंतिम तिथि
1.	जूनियर टैकनीशियन	05-कुशल 01 -ओबीसी (एनसीएल)	Rs. 35,000/- प्रति माह	https://rgnaunt.samarth.edu.in/ 31अक्तूबर 2026.
2	सर्वेयर इंजीनियर	01	Rs. 40,000- Rs.60,000 प्रति माह अनुभव पर आधारित	https://rgnaunt.samarth.edu.in 06 नवंबर 2026
3	फुल स्टेक डवेलपर	01	Rs. 40,000- Rs.60,000 प्रति माह अनुभव पर आधारित	
4	कम्पयूटर सैव इंजीनियर	01	Rs. 35,000/- प्रति माह	
5	ट्रेनिंग फैकल्टी (सिंग्रेग सेमेस्टर 2026-27 हेतु)	मल्टीपल पद	Rs. 75,000/- प्रति माह	https://rgnaurec.samarth.edu.in/ 06 नवंबर 2026
6	जूनियर टैक्नीकल सुपरिन्टेडेंट	01	Rs. 60,000/- प्रति माह	https://rgnaunt.samarth.edu.in 15 नवंबर 2026

विस्तृत विज्ञापन https://www.rgnau.ac.in/en/careers.html पर उपलब्ध है।
cbc 03110/11/0027/2627
कुल सचिव/Registrar

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

सरफेसी अधिनियम के अनुसार, ऋणी/गारन्टर/ बंधककर्ता को वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना

शाखा: एमएसएमई, 171/2, दक्षिण सिविल लाईन, कोर्ट रोड, मुजफ्फरनगर, जिला– मुजफ्फरनगर– 251001 (उ0प्र0)– भारत
फोन नं0: 8477000398, ई–मेल: vjmmuz@bankofbaroda.com

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) और 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों का तथा विशेष रूप से ऋणकर्ताओं और प्रत्याभूति–दाताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता है) प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा, द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे वर्णित चुक कर्ताओं से वसूली हेतू नीलाम किया जायेगा। उधारकर्ता(ओ)/बंधककर्ता/गारन्टर(ओ)/सुरक्षित परिसंपत्ति/बकाया/ आरक्षित मूल्य/ ई–नीलामी की तारीख और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे उल्लेख किया गया है।

क्रं. सं.	शाखा का नाम एवं ऋणकर्ता/गारन्टर/बंधककर्ता के नाम व पता	ज्ञात ऋणभार सहित अचल संपत्ति का विवरण यदि कोई बंधक हो	कुल बकाया राशि	ई–नीलामी की तिथि व समय	रिजर्व मूल्य / ईएमडी मूल्य / न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (भौतिक/रचनात्मक)	संपत्ति का निरीक्षण और समय
1.	**शाखा: एमएसएमई, मुजफ्फरनगर** **1.** श्री अनिल कुमार पुत्र श्री कंवर पाल सिंह, निवासी मकान नं. 318, शांति नगर, निकट लाल कोठी, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश-251001 **(उधारकर्ता एवं बंधककर्ता)**। **2.** श्रीमती कौशल पत्नी श्री कंवर पाल सिंह, निवासी मकान नं. 318, शांति नगर, निकट लाल कोठी, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश-251001 (स्वर्गीय श्री कंवर पाल सिंह की कानूनी वारिस)। **3.** श्री राणा टोप सिंह पुत्र श्री दया चंद पुंडीर, निवासी मोहल्ला- अंकित विहार, पचेंडा रोड, सरवट, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश -251001 **(गारंटर)।**	बंधक एक आवासीय मकान, जिसका क्षेत्रफल 105.335 वर्ग मीटर है, श्री अनिल कुमार पुत्र श्री कंवर पाल सिंह एवं स्वर्गीय श्री कंवर पाल सिंह के नाम है, जो प्लॉट नं. 49, खसरा नं. 14 के भाग, मोहल्ला शांति नगर, रकबा- ग्राम- कुकड़ा, जिला- मुजफ्फरनगर, राज्य उत्तर प्रदेश में स्थित है, जिसकी सीमाएं निम्नानुसार हैं: पूर्व में- श्रीमती सविता त्यागी का मकान, पश्चिम में- श्री सोनू गुज्जर का मकान, उत्तर में- 25 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण में- नाली, तत्पश्चात अन्य व्यक्तियों के मकान।	रु0 **20,67,589.34** (बीस लाख सड़सठ हजार पांच सौ नवासी एवं चौतीस पैसे) + प्रभावी ब्याज एवं अन्य खर्चे दिनांक 19.01.2026	**07.11.2026** दोपहर 02.00 बजे से शाम 6.00 बजे के बीच	रिर्जव मूल्य– रू. 34,03,000/- ईएमडी मूल्य– रू. 3,40,300/- बोली राशि– रू. 10,000/–	**रचनात्मक कब्जा**	**30.10.2026** दोपहर 03.00 बजे से शाम 05.00 बजे के बीच

***नीलामी के नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया दी गई वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in एवं https://baanknet.com देखें। इसके अलावा, संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी, सम्पत्ति नं0 मो0 **8477000398** विस्तृत नियम और शर्तों के लिए यह QR कोड स्कैन करें:–

दिनांक: 26.09.2026 स्थान- मुजफ्फरनगर प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बडौदा

कार्यालय नगर पंचायत किठौर जनपद मेरठ

-:ई-टेण्डर निविदा विज्ञप्ति सूचना:-

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मों को सूचित किया जाता है कि सीवरेज एवं जल निकासी योजना प्राप्त धनराशि से चयनित एवं स्वीकृत कार्यों को सम्पादित कराने हेतु निविदाएं ई-टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 21.10.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। ई-निविदा अथवा सभी ई-निविदाएँ बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। मशर्त निविदाएँ मान्य नहीं होंगी। निविदाओं का विवरण एवं प्रपत्र उत्तर प्रदेश ई-प्रिक्योरमेंट की वैबसाईट https://www.etender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते हैं।

कार्यों की निविदा प्रपत्र, अनेक्चर आदि, एवं निविदा शुल्क जमा का प्रमाण कार्यालय नगर पंचायत किठौर में जमा करने की अन्तिम तिथि	21.10.2026 की अपराह्न 4:00 बजे।
कार्यों की निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि	28.09.2026 से 21.10.2026 की अपराह्न 3:00 बजे तक।
कार्यों की निविदा खोलने की तिथि	21.10.2026 की अपराह्न 4:00 बजे।

नोट:- ई-निविदा प्रक्रिया में होने वाले किसी भी प्रकार के बदलाव / संशोधन को केवल ई- प्रिक्योरमेंट की वैबसाईट https://www.etender.up.nic.in पर ही देखा जा सकता है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत किठौर मेरठ

अध्यक्ष
नगर पंचायत किठौर मेरठ

जहाँ चाह वहाँ राह, दिन में दो बार छपने से उत्तम माध्यम: amarujala.com